भारत सरकार

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 597

(दिनांक 21.07.2022 को उत्तर के लिए)

केंद्र सरकार की भर्तियों में रिक्त पद

597. श्री मल्लिकार्जुन खरगे :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मंत्रालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, सशस्त्र बलों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों आदि सहित केंद्रीय सरकार की भर्तियों में कुल कितने पद रिक्त हैं;
(ख) क्या सरकार की अगले डेढ़ वर्षों के दौरान दस लाख सरकारी नौकरियां देने की योजना है;
(ग) यदि हां, तो जिन विभागों में इन भर्तियों की योजना है, उनकी समय-सीमा सहित विभाग-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) उपर्युक्त (क) में मौजूदा रिक्त पदों के अलावा इन दस लाख भर्तियों में से कितने नए रोजगार सृजित हुए हैं?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क): व्यय विभाग की वेतन अनुसंधान इकाई की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, दिनांक 01.03.2021 तक की स्थिति के अनुसार, केंद्र सरकार के मंत्रालयों में कुल 9,79,327 पद रिक्त हैं। हालांकि, सार्वजनिक उपक्रमों, केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के संबंध में ऐसे कोई भी आंकड़े केन्द्रीय रूप से नहीं रखे जाते हैं।

(ख) से (घ): केंद्र सरकार में पदों का सृजन और उनको भरना, संबंधित मंत्रालय/विभाग की जिम्मेदारी है और यह एक सतत प्रक्रिया है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों, उनके संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों में सेवानिवृत्ति, पदोन्नति, त्यागपत्र, मृत्यु आदि के कारण रिक्तियाँ उत्पन्न होती हैं। केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों से रिक्त पदों को समयबद्ध तरीके से भरने के लिए एक 'मिशन मोड' में कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

******